**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट सं. 4, सेक्टर- 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075**

# प्रेस विज्ञप्ति

## 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणाम

## मुख्य बिंदु

**अब तक का सर्वाधिक परिचालन लाभ ₹ 7081 करोड़ प्राप्त हुआ**

- वैश्विक कारोबार वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.6% बढ़कर जून 2025 को ₹27,19,276 हो गया, जो जून 2024 को ₹24,36,929 था।
- वैश्विक जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.9% जून 2025 को ₹15,89,379 की वृद्धि दर्ज की गई, जो जून 2024 को ₹14,08,247 था।
- वैश्विक अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.8% बढ़कर जून 2025 को ₹11,29,898 हो गया, जो जून 2024 को ₹10,28,682 था।
- सीडी अनुपात मार्च 2025 के 71.28% की तुलना में जून 2025 को 71.09% रहा।
- जीएनपीए अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 120 बीपीएस से सुधरकर जून 2025 को 3.78% हो गया, जो जून 2024 को 4.98% था।
- एनएनपीए अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 22 बीपीएस सुधरकर जून 2025 को 0.38% हो गया, जो जून 2024 को 0.60% था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) वर्ष दर वर्ष आधार पर 98 बीपीएस सुधरकर जून 2025 को 96.88% हो गया, जो जून 2024 को 95.90% था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोडकर) वर्ष दर वर्ष आधार पर 189 बीपीएस सुधरकर जून 2025 को 90.32% हो गया, जो जून 2024 को 88.43% था।
- स्लिपेज अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 5 बीपीएस सुधरकर जून 2025 को 0.71% हो गया, जो जून 2024 को 0.76% था।
- क्रेडिट लागत में 18 आधार अंकों से सुधार हुआ वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में 0.32% से वित्त वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही में 0.14% हो गया।
- कर पूर्व लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28.3% बढ़कर वित्त वर्ष 26 की प्रथम तिमाही में ₹6,758 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में यह ₹5,269 करोड़ था।
- वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन वित्त वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही में 2.7% रहा।
- शुद्ध ब्याज आय (NII) वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में ₹10,476 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही में ₹10,578 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 1.0% का सुधार दर्शाता है।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट सं. 4, सेक्टर- 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075**

## प्रमुख मापदंडों में व्यावसायिक प्रदर्शन

### जमाराशि

- बचत जमाराशियाँ 2.8% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹4,97,981 करोड़ हो गईं।
- जून 2025 तक चालू जमाराशियाँ 9.2% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए ₹70,656 करोड़ थीं।
- CASA जमाराशियाँ 3.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹5,68,638 करोड़ हो गईं।
- जून 2025 तक बैंक का CASA हिस्सा 36.99% था।

### अग्रिम

- जून 2025 में कुल खुदरा ऋण 11.8% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹2,62,219 करोड़ हो गया।
- बैंक ने कोर रिटेल अग्रिमों के तहत 17.7% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। कोर रिटेल क्रेडिट के अंतर्गत:
  - आवास ऋण में 16.6% की वार्षिक वृद्धि हुई और यह ₹1,18,708 करोड़ हो गया।
  - वाहन ऋण में 25.3% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹27,229 करोड़ तक पहुँच गया।
- कृषि अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.2% की वृद्धि हुई और यह ₹1,78,885 करोड़ हो गया।
- एमएसएमई अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 18.6% की वृद्धि हुई और यह ₹1,69,426 करोड़ हो गया।

## आस्ति गुणवत्ता

- सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) जून 2024 के ₹51,263 करोड़ से जून 2025 को ₹8,590 करोड़ घटकर ₹42,673 करोड़ हो गईं।
- शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) जून 2024 के ₹5930 करोड़ से जून 2025 को ₹1,798 करोड़ घटकर ₹4,132 करोड़ हो गईं।

## लाभप्रदता

- बैंक की कुल आय वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के ₹32,166 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ₹ 37,232 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.7% की वृद्धि दर्शाता है।
- बैंक की कुल ब्याज आय वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के ₹28,556 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ₹31,964 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.9 % की वृद्धि दर्शाता है।
- बैंक की शुल्क आधारित आय वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के ₹2,077 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में ₹2,250 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्षआधार पर 8.3 % की वृद्धि दर्ज करती है।

## दक्षता/उत्पादकता अनुपात

- वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.84 %रहा।
- वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिफल 8.14 % रहा।
- प्रति कर्मचारी कारोबार जून 2024 में ₹24.80 करोड़ से सुधरकर जून 2025 में ₹27.30 करोड़ हो गया।
- प्रति शाखा कारोबार जून 2024 में ₹233.26 करोड़ से सुधरकर जून 2025 में ₹257.39 करोड़ हो गया।
- वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ ₹6.98 लाख रहा।
- वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में प्रति शाखा शुद्ध लाभ ₹65.80 लाख रहा।

## पूँजी पर्याप्तता

- सीआरएआर जून 2024 के 15.79% से बढ़कर जून 2025 को 17.50% हो गया, जिसमें 171 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया।
- टियर-I पूंजी जून 2025 को 14.62% हो गई (सीईटी-1 जून 2025 के 12.95% और एटी 1 1.67%) जो जून 2024 को 13.04% थी और टियर-II जून 2024 को 2.75% से सुधरकर जून 2025 को 2.88% हो गई।

## वित्तीय समावेशन

- पीएमजेडीवाई खाते की संख्या जून 2024 में 5.13 करोड़.से बढ़कर जून 2025 तक 5.39 करोड़ हो गई।
- पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत जून 2025 में नामांकन:-

*(सं.लाख में)*

| जनसुरक्षा योजना में नामांकन | 30.06.2024 | 30.06.2025 |
|---|---|---|
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 65.39 | 75.54 |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 261.68 | 300.15 |
| अटल पेंशन योजना (एपीवाई) | 39.80 | 48.11 |

## वितरण नेटवर्क

- 30 जून 2025 तक, बैंक की 10209 घरेलू शाखाएँ और 2 अंतर्राष्ट्रीय शाखाएँ हैं।.
- शाखाओं का वितरण निम्नानुसार है:

| श्रेणी | शाखाओं की संख्या | शेयर प्रतिशत% |
|---|---|---|
| मेट्रो | 1729 | 16.9% |
| शहरी | 2010 | 19.7% |
| अर्ध शहरी | 2525 | 24.7% |
| ग्रामीण | 3945 | 38.7% |

- बैंक के वितरण नेटवर्क में 11240 एटीएम और 31763 बीसी भी शामिल हैं।.

## डिजिटल प्रगति और पहल

- डिजिटल लेनदेन की संख्या 30.06.2024 को 221 करोड़ से बढ़कर 30.06.2025 को 294 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 32% की वृद्धि दर्ज करती है।
- पीएनबी वन सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 30.06.2024 को 187 लाख से बढ़कर 30.06.2025 को 223 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 19% वृद्धि दर्ज करती है।
- व्हाट्सएप बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 30.06.2024 को 34.0 लाख से बढ़कर 30.06.2025 को 69.7 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 105% वृद्धि दर्ज करती है।
- पीएनबी उद्योग में प्रथम बैंक है जो लाभार्थियों/वॉलेट धारकों के आधार नंबर का उपयोग करके ऑफ-यूएस ऑनबोर्डिंग की क्षमता रखता है।

## पुरस्कार और सम्मान

- **EASE 7.0 के अंतर्गत, बैंक को 3 विषयों में पुरस्कार प्राप्त हुए:**
  **क.** प्रभावी जोखिम/धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली **(विजेता)**
  **ख.** ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता (प्रथम उपविजेता)
  **ग.** नए युग की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना (द्वितीय उपविजेता)
- **डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2023-24:** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएसबी श्रेणी में **प्रथम स्थान** प्राप्त किया।
- **चौथे IBA CISO शिखर सम्मेलन में, बैंक को निम्नलिखित के लिए सम्मानित किया गया:**
  - वर्ष की साइबर सुरक्षा टीम **(विजेता)**
  - साइबर घटना प्रतिक्रिया परिपक्वता **(विजेता)**
  - वर्ष का साइबर सुरक्षा परिवर्तन (उपविजेता)
- आईसीडब्ल्यूएआई द्वारा लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 2024 के 19वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में **बीएफएसआई श्रेणी में प्रथम स्थान** प्राप्त किया।।
- **इंफोसिस फिनेकल इनोवेशन अवार्ड्स 2025** – बैंक को दो प्लैटिनम और एक गोल्ड श्रेणी पुरस्कार प्राप्त हुए।
- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **राजभाषा के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए "क" क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।

## बैंक की सोशल मीडिया में उपस्थिति : (फॉलोवर्स की संख्या)

- **फेसबुक:** 29,73,857 फ़ॉलोअर्स https://www.facebook.com/pnbindia/
- **X (ट्विटर):** 4,66,323 फ़ॉलोअर्स https://twitter.com/pnbindia
- **इंस्टाग्राम:** 8,96,869 फ़ॉलोअर्स https://www.instagram.com/pnbindia
- **लिंक्डइन:** 1,86,620 फ़ॉलोअर्स https://in.linkedin.com/company/pnbindia
- **यूट्यूब:** 2,67,079 सब्सक्राइबर https://www.youtube.com/pnbindia
- **थ्रेड्स:** 40,104 फ़ॉलोअर्स https://www.threads.net/@pnbindia

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 30/07/2025**